CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 27 ▫ अंक- 321 ▫ रायपुर, रविवार 15 दिसम्बर 2024 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## 31 मार्च 2026 से पहले करेंगे नक्सलवाद का खात्मा: शाह

### नक्सलियों से कहा- शस्त्र छोड़िए, विकास के रास्ते पर आइए



**जगदलपुर, 15 दिसंबर (हाईवे चैनल)।** अमित शाह ने रायपुर के पुलिस परेड ग्राउंड में राष्ट्रपति पुलिस कलर अवॉर्ड - 2024 कार्यक्रम में पुलिस प्लाटून की सलामी ली केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने राष्ट्रपति पुलिस कलर अवॉर्ड कार्यक्रम में कहा कि हम सब मिलकर छत्तीसगढ़ को 31 मार्च 2026 तक नक्सल मुक्त करेंगे। जैसे ही छत्तीसगढ़ नक्सल मुक्त होता है, देशभर में नक्सलवाद का खत्म हो जाएगा। शाह ने कहा कि छत्तीसगढ़ पुलिस ने बहादुरी के साथ 1 साल में खत्म करने का संकल्प लिया है। शाह ने नक्सलियों से अपील की है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने बहुत अच्छी सरेंडर पॉलिसी बनाई है। मुख्यधारा में आप शामिल हो जाइए। हथियार छोड़ दीजिए। विकास के रास्ते पर आ जाइए।

शाह ने कहा कि सरकार बदलने के बाद से टॉप 14 नक्सली न्यूट्रलाइज हुए हैं। 4 दशकों में पहली बार नागरिकों और सुरक्षाबलों के मृत्यु के आंकड़े में कमी आई है। 10 साल में नक्सलवाद पर नकेल कसी गई। पुलिस ने 1 साल में छत्तीसगढ़ समेत सभी राज्यों से नक्सलवाद के खिलाफ ताबूत में अंतिम कील ठोकने की तैयारी की है। छत्तीसगढ़ राष्ट्रपति के इस फ्लैग को हासिल करने वाला देश का सबसे युवा राज्य है। छत्तीसगढ़ 2025 में अपने सिल्वर जुबली ईयर में प्रवेश कर रहा है। इससे ठीक पहले राष्ट्रपति की तरफ से पुलिस सेवा को मिलने वाला यह सम्मान छत्तीसगढ़ राज्य के लिए ऐतिहासिक माना जा रहा है। स्टेट पुलिस के सर्विस रिकॉर्ड को लंबे समय तक ऑब्जरवेशन पर रखे जाने के बाद राष्ट्रपति की ओर से यह सम्मान दिया जाता है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रायपुर के पुलिस परेड ग्राउंड में राष्ट्रपति पुलिस कलर अवॉर्ड - 2024 कार्यक्रम में पुलिस प्लाटून की सलामी ली। इस दौरान शाह ने राष्ट्रपति पुलिस कलर फ्लैग पुलिस को सौंपा। जहां धर्म गुरुओं ने मंत्रों के साथ ध्वज का स्वागत किया। कार्यक्रम में शाह और सीएम विष्णुदेव साय ने राष्ट्रपति के निशान को सलामी दी। राष्ट्रपति पुलिस कलर ध्वज में बस्तर की संस्कृति को भी दर्शाया गया है, जिसमें गौर, माड़िया सिंह और धान के खेत शामिल हैं। ध्वज के ऊपर और नीचे 36 किले दर्शाए गए हैं।

## मुंबई में बेस्ट बस से एक और हादसा, इस बार दोपहिया वाहन को मारी टक्कर; मौके पर ही बाइक चालक की मौत

**नई दिल्ली, 15 दिसंबर (न्यूज चैनल)।** महाराष्ट्र के मुंबई में बेस्ट बस से एक और हादसा हुआ। जानकारी के मुताबिक, गोवंडी इलाके में बेस्ट बस ने एक दोपहिया वाहन को टक्कर मार दी। इससे उसकी मौत हो गई। घटना शनिवार को मुंबई के शिवाजी नगर गोवंडी में हुई। चालक का नाम विनोद आबाजी रांखंबे बताया जा रहा है। वहीं, मृतक की पहचान दिक्षित विनोद राजपूत के रूप में हुई है। बताया गया कि बस शिवाजी नगर से कुर्ला की ओर जा रही थी। उसी वक्त एक व्यक्ति दोपहिया वाहन पर बस के नजदीक से गुजरा। देखते ही देखते वह बस के पीछे वाले टायर की चपेट में आ गया। इसके बाद उसके सिर पर गंभीर चोट आई। उसे तत्काल ही पुलिस की गाड़ी से राजावाड़ी अस्पताल ले जाया गया। यहां डॉक्टर्स ने उसे मृत घोषित कर दिया। बता दें कि यह हादसा मुंबई के कुर्ला बस दुर्घटना के कुछ ही दिन बाद घटी।

## छत्तीसगढ़ में कड़ाके की ठंड, पत्तों पर जमी बर्फ की चादर, रात का पारा 3 डिग्री से नीचे गिरा

**रायपुर, 15 दिसम्बर (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ में उत्तर से आ रही शुष्क और ठंडी हवा के कारण कड़ाके की ठंड पड़ रही है. प्रदेश के कई जिलों में शीतलहर के हालात बन गए हैं. राजधानी रायपुर समेत सभी जिलों में लोग ठंड से बचने के लिए अलाव जला रहे हैं. सबसे ज्यादा ठंड सरगुजा संभाग में पड़ रही है. बलरामपुर में न्यूनतम तापमान 2.9 डिग्री सेल्सियस तक गिरा है. मौसम विभाग ने दुर्ग सहित 12 जिलों में अगले तीन दिनों के लिए कोल्ड वेव (शीतलहर) का यलो अलर्ट जारी किया है. वहीं, बस्तर संभाग के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश की भी संभावना जताई गई है.



सरगुजा संभाग में शीतलहर के कारण मौसम और ठंडा हो गया है. बलरामपुर में रात का तापमान 3 डिग्री से भी नीचे गिरा, जो इस मौसम में सबसे कम था. वहीं, सरगुजा में न्यूनतम तापमान 5.9 डिग्री, सूरजपुर में 7.5 डिग्री, कोरिया में 7.4 डिग्री और जशपुर में 10.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया. वहीं राजधानी रायपुर में भी रात का तापमान सामान्य से कम होकर 13.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है. दिन में भी हल्की ठंड महसूस हुई और अधिकतम तापमान 27.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया. नगर निगम ने ठंड से बचाव के लिए शहर में अलाव जलाना शुरू कर दिया है, विशेष रूप से आउटर वार्डों में यह व्यवस्था की गई है.

मौसम विभाग ने 16 और 17 दिसंबर को राज्य के विभिन्न जिलों में शीतलहर की स्थिति बनी रहने की संभावना जताई है. 16 दिसंबर को गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, कोरबा, मुंगेली, दुर्ग, खैरागढ़-छुइखदान-गंडई, कबीधाम, जशपुर, कोरिया, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, सूरजपुर, सरगुजा और बलरामपुर में शीतलहर का अलर्ट रहेगा। 17 दिसंबर को, खासकर गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, कोरिया, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, सूरजपुर, जशपुर, सरगुजा और बलरामपुर जिलों में शीतलहर की संभावना है. मौसम विभाग के मुताबिक, 15 दिसंबर के आसपास दक्षिण-पूर्व बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव का क्षेत्र बनने की संभावना है, जिसका असर बस्तर संभाग में दिख सकता है।




## नारायणपुर पुलिस नक्सली मुठभेड़, दो महिला समेत सात सशस्त्र वर्दीधारी नक्सलियों का शव बरामद

**नारायणपुर, 15 दिसम्बर (हाईवे चैनल)।** बस्तर संभाग के दक्षिण अबूझमाड़ क्षेत्र के जंगल में नक्सलियों और सुरक्षा बलों के बीच हुई कई घंटों तक चली मुठभेड़ में 05 पुरुष और 02 महिला सहित कुल 07 सशस्त्र वर्दीधारी माओवादी मारे गए। इसके अतिरिक्त, नक्सलियों के घायल होने की प्रबल संभावना जताई जा रही है। मृत नक्सलियों में एससीएम कार्तिक उर्फ दसरू, एसीएम रैनी उर्फ रमिला मडकम, सोमारी ओयाम, गुडसा कुच्चा, रैनू पोयाम, कमलेश उर्फ कोहला, और सोमारु उर्फ मोटू के नाम



शामिल हैं। इस मुठभेड़ के दौरान 02 नग 303 रायफल, 02 नग बीजीएल लॉंचर, 02 नग 12 बोर रायफल और 02 नग भरमार बंदूक के साथ भारी मात्रा में नक्सली दैनिक उपयोगी सामग्री भी बरामद हुई। इस संयुक्त अभियान में नारायणपुर, दंतेवाड़ा, जगदलपुर, कोण्डागांव की डीआरजी टीम, एसटीएफ और सीआरपीएफ के जवान शामिल थे। नक्सलियों के एकत्रित होने की सूचना मिलने पर संयुक्त टीम ने 11 दिसंबर 2024 को यह अभियान शुरू किया था। मुठभेड़ में ओडिशा स्टेट कमेटी के सदस्य कार्तिक उर्फ दसरू सहित 7 नक्सली मारे गए हैं। साथ ही, कई अन्य नक्सलियों के घायल होने की भी खबर है।

## सोमवार को लोकसभा में पेश नहीं होगा एक देश एक चुनाव विधेयक

**नई दिल्ली, 15 दिसंबर (न्यूज चैनल)।** एक देश एक चुनाव विधेयक के सोमवार को लोकसभा में पेश होने की चर्चा थी, लेकिन अब सरकार ने इसे टाल दिया है। %एक देश एक चुनाव% विधेयक अब इस सप्ताह के बाद के दिनों में लोकसभा में पेश किया जा सकता है। रिपोर्ट्स के अनुसार, सरकार पहले वित्तीय कार्यों को पूरा करेगी। गौरतलब है कि दो विधेयक - संविधान (129वां संशोधन) विधेयक और संघ राज्य क्षेत्र कानून (संशोधन) विधेयक, सोमवार को लोकसभा में पेश किए जाने के लिए सूचीबद्ध थे।



सोमवार को अब पहले अनुदानों की अनुपूरक मांगों को सदन द्वारा पारित किए जाने के बाद इस सप्ताह के अंत में विधेयक पेश किए जा सकते हैं। लोकसभा सचिवालय द्वारा जारी संशोधित कार्य सूची में सोमवार के एजेंडे में ये दोनों विधेयक शामिल नहीं हैं। संसद का शीतकालीन सत्र 20 दिसंबर को समाप्त होने वाला है। गुरुवार को कैबिनेट ने संविधान (129वां संशोधन) विधेयक, 2024 और केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन विधेयक), 2024 को मंजूरी दी था, जिसके बाद शुक्रवार शाम को इसे सांसदों को वितरित किया गया। संविधान संशोधन विधेयक के अनुसार, राष्ट्रपति द्वारा लोकसभा चुनाव के बाद पहली बैठक में एक तारीख तय की जाएगी। इस तय तारीख के बाद सभी निर्वाचित राज्य विधानसभाओं का कार्यकाल लोकसभा के पूर्ण कार्यकाल के साथ समाप्त हो जाएगा, जिससे एक साथ चुनाव कराने का मार्ग साफ हो जाएगा। अब 2024 के चुनाव हो चुके हैं तो संभव है कि 2029 के आम चुनाव के बाद यह तारीख तय की जाएगी।

## अतुल सुभाष आत्महत्या मामले में पत्नी निकिता गुरुग्राम से गिरफ्तार; मां-भाई प्रयागराज से पकड़े गए

**नई दिल्ली, 15 दिसंबर (न्यूज चैनल)।** अतुल सुभाष आत्महत्या मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। बंगलूरू पुलिस ने इंजीनियर अतुल सुभाष की आत्महत्या के मामले में पत्नी, सास



और साले को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने रविवार को बताया कि अतुल सुभाष की पत्नी निकिता सिंघानिया को हरियाणा के गुरुग्राम से गिरफ्तार किया गया। इसके साथ ही निकिता की मां निशा सिंघानिया और भाई अनुराग सिंघानिया को उत्तर प्रदेश के प्रयागराज से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपियों को शनिवार सुबह गिरफ्तार कर बंगलूरू लाया गया। इसके बाद तीनों को स्थानीय अदालत में पेश किया गया। यहां से कोर्ट ने तीनों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इससे पहले अतुल सुभाष (34) का शव नौ दिसंबर को दक्षिण-पूर्व बंगलूरू के मुन्नेकोलालु में उसके घर पर फंदे से लटका मिला था।

उन्होंने वीडियो और नोट में आरोप लगाया था कि उससे अलग रह रही उसकी पत्नी और ससुराल वालों ने झूठे मामलों में फंसाकर और लगातार उत्पीड़न कर उसे आत्महत्या के लिए मजबूर किया। इसी आधार पर मराठाहल्ली पुलिस ने आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया और निकिता समेत तीन को गिरफ्तार किया है। दरअसल, पत्नी व उसके परिवार की प्रताड़ना और दो वर्ष में कोर्ट की 120 तारीखें इसके बावजूद न्याय न मिलने के कारण बंगलूरू में कार्यरत 34 वर्षीय आईटी पेशेवर अतुल सुभाष ने मौत को गले लगा लिया था। आत्महत्या को अंतिम विकल्प मानते हुए अतुल ने दुनिया से जाने से पहले करीब डेढ़ घंटे का वीडियो व 24 पन्ने का सुसाइड नोट छोड़ा था, जिसमें शादीशुदा जिंदगी के सामाजिक तानेबाने की खामियां, साथी के लालच और षड्यंत्र की दास्तां, कानूनी महकमे में भ्रष्टाचार को उजागर किया था।